महत्वपूर्ण एवं खास

कर्मचारियों ने की हड़ताल, विभागों में कामकाज प्रभावित

हरिद्वार (आरएनएस)। कार्मिकों को केंद्र सरकार के समान भत्ते तत्काल देने, पूरे सेवाकाल में न्यूनतम तीन पदोन्नति समेत सात सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी समन्वय मंच के बैनर तले विभिन्न महासंघों के कर्मियों ने हड़ताल की। जिला मुख्यालय रोशनाबाद पहुंचकर पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सरकार पर निशाना साधा। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन बीके मिश्र को दिया। हड़ताल के चलते विकास भवन के विभिन्न कार्यालय, आरटीओ आदि कार्यालयों से आमजन को निराश लौटना पड़ा। हालांकि कई विभागों में हड़ताल करा खास असर नहीं दिखा। केवल पदाधिकारी ही धरना प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे।

विपक्ष अभी भी सदमें में, तय नहीं कर पा रहे है नेता प्रतिपक्ष-भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विपक्ष पार्टी भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि भाजपा अभी तक सदमें से बाहर नहीं आ पायी है जिसके चलते अभी तक वे नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पाये है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि चुनाव के पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने 65 प्लस की बात कहीं थी, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने आखरी गेंद पर छक्का लगाने की बात कहीं थी ये सभी बातें हमारी पार्टी पर लागू हो हुई।

मीडिया ने विभाग की उपलब्धियों के साथ ही आईना बनकर कमियां भी दिखाई : डीजीपी अवस्थी

लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस की अब तक की सेवा में मैने मीडिया की अहम भूमिका को करीब से देखा है। इस दौरान कैरियर के कई उतार-चढ़ाव भी देखा लेकिन मीडिया ने निष्पक्ष ढंग से जहां पुलिस विभाग की उपलब्धियां गिनाई तो वहीं समय-समय पर हमारी कमियों को सामने लाकर हमें आईना भी दिखाया। बस्तर की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी मीडिया ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए सदैव पुलिस का सहयोग किया और माओवाद के विरुद्ध लड़ाई में भी मीडिया का सतत सहयोग मिल रहा है।

राज्यपाल ने रामपुकार सिंह को प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलायी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन के दरबार हाल में विधानसभा के निर्वाचित सदस्य रामपुकार सिंह को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलायी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, लोक निर्माण, गृह, जेल, धर्मस्व, पर्यटन और संस्कृति मंत्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय कार्य, विधि और विधायी कार्य, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन और आयाकट रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री शिव डहरिया, स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण, सहकारिता मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सर्व विधायक चरण दास महंत, सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा, लखेश्वर बघेल, मुख्यमंत्री के सचिव गौरव द्विवेदी, पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी, राज्यपाल के सचिव सुरेन्द्र कुमार जायसवाल भी उपस्थित थे।

छग की पहचान को आगे ले जाऊंगा-डॉ. महंत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सक्ती विधानसभा क्षेत्र से विधायक डा. चरणदास महंत ने कहा कि अध्यक्ष चूने जाने के बाद मैं छग की पहचान को आगे ले जाने का पूरा प्रयास करूंगा।

गैस के रिसाव से सेंट्रल पाइंट में लगी आग, कर्मचारियों ऐसे बचाई अपनी जान

बिलासपुर (आरएनएस)। शहर के सेंट्रल पाइंट होटल में गैस में रिसाव होने से आग लग गई। जिसकी सूचना कर्मचारियोंने फायर बिग्रेड को दी। दमकल के आने से पहले कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था। आगजनी से किसी तरह की कोई हानि नहीं हुई है।

प्रदेश में नये थाने ग्रामीणों की सहूलियत के अनुसार खोले जायें : ताम्रध्वज साहू

गृहमंत्री ने पुलिस मुख्यालय में ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

रायपुर (आरएनएस)। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस मुख्यालय, अटल नगर, रायपुर में बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली। गृह मंत्री के पुलिस मुख्यालय आगमन पर पुलिस महानिदेशक डी. एम. अवस्थी, महानिदेशक आर. के. विज. और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। पुलिस मुख्यालय में छत्तीसगढ़ शसस्त्र बल की टुकड़ी द्वारा गृह मंत्री को सलामी दी गई।

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक संक्षिप्त रूप से परिचयात्मक बैठक है। उन्होंने कहा कि राज्य की ग्रामीण जनता बहुत सीधे और सरल स्वभाव की है। पुलिस अधिकारी अपने स्वभाव में थोड़ा सा परिवर्तन लाकर आम जनता का विश्वास जीत सकते हैं और जनता मन से पुलिस का सम्मान करेगी। गृह मंत्री ने कहा कि नये थाने प्रारंभ करते समय जनता की सहूलियत और पुलिस की सुविधा का ध्यान रखा जाये। प्रदेश में कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं जहां से अन्य पुलिस थानों की दूरी नजदीक है जबकि अधिसूचित थाने की दूरी काफी दूर हो जाती है। उन्होंने थाना और चौकी क्षेत्रों का परीसिमन एवं आवश्यकता की समीक्षा करने के निर्देश दिये। गृह मंत्री ने कहा कि ग्रामीण जन थाने में अपनी शिकायत लेकर बहुत उम्मीदों के साथ आते हैं थाने के कर्मचारियों को प्राथमिकी दर्ज करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने में मर्यादित व्यवहार करना चाहिए ताकि उन्हें निराशा ना हो। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि पुलिस के आधुनिकीकरण की बात हो अथवा पुलिस कर्मचारियों के आवास तथा उनके कल्याण के कार्यों के लिये शासन स्तर पर हर संभव राशि उपलब्ध कराई जायेगी। साहू ने आशा व्यक्त किया कि पुलिस कुछ अच्छा काम करेगी जिससे आम जनता को भी खुशी होगी।

पुलिस अधिकारी बिना किसी दबाव के विधि सम्मत कार्य करें: डीजीपी

पुलिस महानिदेशक डी. एम. अवस्थी ने रेंज और जिलों से आये पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों तथा सेनानियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस में हर व्यक्ति की भुमिका महत्वपूर्ण होती है, परंतु जिले में पुलिस अधीक्षक की भुमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। पुलिस थानों में कार्यरत छोटे कर्मचारी ग्रामीण जनो के सीधे संपर्क में रहते हैं अतः पुलिस अधीक्षक इन कर्मचारियों से भी बातचीत करें और बिना किसी दबाव में आये विधि सम्मत कार्य करें।

स्मार्ट कार्ड से इलाज बंद होने पर मरीज हो रहे परेशान

आयुष्मान भारत योजना हुई प्रभावित

रायपुर (आरएनएस)। स्मार्ट कार्ड से करोड़ों रुपये की राशि का भुगतान नहीं होने के कारण प्रदेश के छोटे-बड़े सभी निजी चिकित्सा संस्थानों ने स्मार्ट कार्ड से मरीजों का इलाज फ्री में करना बंद कर दिया है। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेश सिन्हा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक त्रिपाठी एवं डॉ. अजय सहाय के अनुसार मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आयुष्मान भारत योजना में दिये गये पैकेज के प्रावधानों के तहत महंगी चिकित्सा होने के चलते चिकित्सकों ने इलाज करने से मना कर दिया है। ज्ञातव्य है कि शरीर में कई ऐसी महत्वपूर्ण बीमारियां है जिनके इलाज के लिए विदेशी तकनीक से बने कलपुर्जे विदेशों से केन्द्रीय उत्पाद कर के रूप में बड़ी राशि लगाकर कंपनियों के माध्यम से बाजार में बिक्री किये जाते है जिसके चलते कम मूल्यों में चिकित्सा कर पाना चिकित्सा संस्थानों के लिए संभव नहीं है।

सरकार बदलने से 4987.56 लाख की चार सड़कों का निर्माण लटका

बिलासपुर (आरएनएस)। राज्य शासन से जारी फरमान से बिलासपुर जिले के 4987.56 लाख के सड़कों के निर्माण कार्य के लटकने के आसार हैं। गत 28 दिसंबर को नई सरकार ने 7 बिंदुओं का परिपत्र जारी कर नए कार्यों का कार्यादेश जारी न करने और जिन कार्यों के कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं उन पर कार्य आरंभ न कराने के निर्देश दिए थे। ऐसा समझा जा रहा है कि नई सरकार धान बोनस, कर्जमाफी समेत अन्य लोकलुभावन वायदों को पूरा करने के लिए फंड का इंतजाम कर रही है जिसके चलते इस आशय निर्देश दिया गया है।

राज्य शासन ने इस परिपत्र मितव्ययिता का हवाला देते हुए निर्देश दिए गए थे कि नए कार्यों के कार्यादेश जारी न करें और जिन कार्यों के कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं उन पर कार्य आरंभ न कराए जाएं। इसके अलावा अन्य बिंदुओं में एक-एक निर्माण कार्य की स्थिति और कार्य रोकने संबंधी निर्देश दिए गए थे।

निगम की सीमा वृद्धि से 2 नपं व 1 नपा का अस्तित्व हो जाएगा खत्म

बिलासपुर (आरएनएस)। नगर निगम की सीमा वृद्धि से दो नगर पंचायतों सिरगिट्टी और सकरी और एक नगर पालिका तिफरा का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

अगर हाईकोर्ट परिसर को भी नगर निगम की सीमा में शामिल किया जाएगा तो बोदरी नगर पंचायत को भी भंग किया जा सकता है। नगर निगम के अफसरों का कहना है कि तिफरा नगर पालिका, सकरी और सिरगिट्टी नगर पंचायत का दर्जा नियम विरुद्ध दिया गया है। नगर निगम की सीमा वृद्धि करने के लिए आसपास के 29 गावों को शामिल करने की तैयारी तेजी से चल रही है।इसमें दो नगर पंचायत और एक नगर पालिका भी इस दायरे में आ रही हैं। राज्य शासन द्वारा सीमा वृद्धि के आदेश मिलते ही तीनों नगर पंचायत को स्वमेव भंग माना जाएगा। यहां के सभी काम काज नगर निगम के हवाले हो जाएंगे।

एलियंस की लव स्टोरी पर फिल्म बनाएंगी कंगना रनौत?

बॉलिवुड की क्वीन कंगना रनौत अपनी आने वाली फिल्म मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म के कुछ भाग का डायरेक्शन कंगना ने ही किया है। दरअसल फिल्म के डायरेक्टर कृष ने एनटीआर की बायॉपिक के लिए इस फिल्म को बीच में ही छोड़ दिया था।

इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के समय कंगना ने कहा था कि वह अब एक पूरी फिल्म का डायरेक्शन भी करना चाहती हैं। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि कंगना अपने डायरेक्टोरियल डेब्यू के लिए अच्छी स्टोरी की तलाश कर रही हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म के कहानी के लिए मणिकर्णिका के राइटर केवी विजयेंद्र प्रसाद के संपर्क में हैं।

खबरों की मानें तो ऐसा दावा किया जा रहा है कि यह फिल्म दूसरे ग्रह के प्राणियों पर आधारित होगी।

रातों-रात कई रेंज के आईजी इधर से उधर

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार ने कल देर रात एक आदेश जारी कर मुख्य सचिव के साथ कई रेंज के आईजी का तबादला कर दिया। इसमें राजधानी रायपुर के अलावा दुर्ग आईजी को भी बदल दिया गया है।

बात प्रशासनिक सर्जरी की करें तो राज्य सरकार ने रातों-रात प्रदेश के मुख्य सचिव को भी बदल दिया है। मुख्य सचिव अजय सिंह की जगह वरिष्ठ अफसर सुनील कुमार कुजूर को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। इस अप्रत्याशित निर्णय को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। लेकिन जानकारों की माने तो कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ही यह तय हो गया था कि जल्द ही मुख्य प्रशासनिक मुखिया को भी बदल दिया जाएगा। हालांकि अजय सिंह का कार्यकाल काफी छोटा रहा, वहीं नए सीएस सुनील कुजूर काफी वरिष्ठ अफसर हैं और उन्हें प्रशासनिक कामकाज का काफी अनुभव है। सौम्य और मिलनसार छवि के कारण तथा काम में परिपक्व होने के कारण संभवतः उन्हें नया मुख्य सचिव बनाया गया है।

दूसरी ओर राज्य सरकार ने पुलिस प्रशासन में भी एक बड़ी सर्जरी कर दी है। कल रात जारी हुए आदेश में अरूण देव गौतम आईजी पुलिस मुख्यालय को सचिव छत्तीसगढ़ शासन गृह, जेल एवं परिवहन विभाग मंत्रालय में पदस्थ करने का आदेश जारी कर दिया है। इसी तरह दुर्ग रेंज के आईजी जीपी सिंह को आईजी पीएचक्यू पदस्थ किया गया है।

पीएफ में जमा रकम नहीं वापस नहीं कर रहा ठेकेदार

रुडकी (आरएनएस)। लक्सर की एक निजी फैक्ट्री के दिहाड़ी कर्मचारियों को ठेकेदार उनके पीएफ (प्रोविडेंट फंड) का भुगतान नहीं कर रहा। कर्मचारियों में से दो ने सीधे जिलाधिकारी से मिलकर इसकी शिकायत की है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने के आदेश एसडीएम लक्सर को दिए हैं।

लक्सर निवासी रवि पांचाल व सचिन कुमार कस्बे की ही निजी फैक्ट्री में एक स्थानीय लेबर कॉन्ट्रेक्टर के माध्यम से करीब 25 महीने पहले काम पर लगे थे। दोनों कर्मचारियों का कहना है कि कॉन्ट्रेक्टर द्वारा उनकी हर महीने की तनख्वाह में से 832 रुपये पीएफ के काटा जा रहा था।

आरोप है कि उनके बार बार कहने पर भी ठेकेदार ने उन्हें पीएफ काटे जाने की कोई रसीद नहीं दी।

मैगजीन फोटोशूट के लिए जाह्नवी कपूर ने काट दिए अपने बाल

लड़कियों को अपने बालों से बहुत प्यार होता है लेकिन अपने डिफरेंट लुक के लिए वे अपने बाल कटवाने में पीछे भी नहीं हटतीं। इस लिस्ट में बॉलिवुड की नवोदित ऐक्ट्रेस जाह्नवी कपूर का नाम भी जुड़ गया है। धड़क से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली जाह्नवी के बाल अपनी मां की तरह काफी खूबसूरत हैं लेकिन उन्होंने एक मैगजीन के फोटोशूट के लिए इन्हें कटवा दिया है।

अपने बाल कटवाने के बाद सोशल मीडिया पर जाह्नवी का एक विडियो भी पोस्ट किया गया है। इस विडियो में जाह्नवी को ब्राइट येलो कलर की शॉर्ट ड्रेस में देखा जा सकता है। इस लुक में जाह्नवी एकदम अलग दिखाई दे रही हैं। वह विडियो में कह रही हैं कि उनके बाल कटवाने के बाद उनके पिता काफी नाराज होंगे लेकिन मैगजीन के फोटो के लिए उन्होंने इन्हें कटवा दिया है।

मैगजीन के कवर पर भी जाह्नवी काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। जाह्नवी का यह फ्रेश लुक निश्चित तौर पर उनके फैन्स को अच्छा लगेगा। बता दें कि हाल में जाह्नवी अपनी बहन खुशी कपूर, अंशला कपूर, भाई अर्जुन कपूर और पिता बोनी कपूर के साथ सिंगापुर में छुट्टियां बिताकर लौटी हैं।

आलिया भट्ट ने एयरपोर्ट पर पहनी ऐसी ड्रेस, हो गईं ट्रोल

बॉलिवुड सिलेब्रिटीज का मुंबई एयरपोर्ट पर नज़र आना आम बात है, लेकिन इसे लेकर फैंस के बीच काफी क्रेज रहता है। कई बार तो फैंस अपने फेवरिट स्टार को एयरपोर्ट पर देखकर या तो उनका पीछा करते हैं या फिर उनसे सेल्फी की डिमांड करते हैं। अपने एयरपोर्ट लुक को लेकर भी बॉलिवुड स्टार्स काफी चर्चा में रहते हैं। वे खुद भी इस बात को लेकर काफी सजग रहते हैं कि इस दौरान वह कैजुअल रूप में भी स्टाइलिश लगें।

हाल ही में ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। वह अभिषेक वर्मन की अगली फिल्म कलंक के शूट के लिए हैदराबाद जा रही थीं और इस दौरान उन्होंने एक फ्लोरल प्रिंट वाली नाइट सूट ड्रेस पहनी हुई थी। यह ड्रेस एक पॉप्युलर इंटरनैशनल ब्रैंड की थी और इसकी कीमत तकरीबन 1.78 लाख रुपये थी।

जहां आलिया के कुछ फैंस उनकी इस ड्रेस से काफी प्रभावित थे, वहीं कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने आलिया को उनकी ड्रेस और लुक के लिए ट्रोल कर दिया। कुछ लोगों ने तो आलिया के फैशन सेंस पर सवाल उठाते हुए उन्हें डम्ब ही कह दिया।

बात करें फिल्मों की, तो आलिया के पास कलंक के अलावा अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र है, जिसमें उनके ऑपोज़िट रणबीर कपूर नज़र आएंगे। वहीं वह रणवीर सिंह के साथ ज़ोया अख्तर की फिल्म गली बॉय में भी नज़र आएंगी, जिसका फर्स्ट लुक भी जारी कर दिया गया है।

आरक्षक का हत्यारा नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी केशव कोसल, उनि गोपाल सतपथी, भोजकुमार गुप्ता, चेतन साहू की टीम ने आरक्षक सायबूराम के हत्या में शामिल माओवादी आरोपी कुड़ियम मारा को गिरफ्तार किया। 31 अगस्त के दरम्यानी रात थाना आवापल्ली के पदस्थ आरक्षक सायबूराम लेकाम का अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से हत्या कर फेंक दिया था।

अमरनाथ तीर्थ स्थल से जुड़ी कई मान्यताएं और पौराणिक कथाएं प्रचलित



बाबा अमरनाथ तीर्थ स्थल से जुड़ी कई मान्यताएं और पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं. कहा जाता है की जैसा कर्म वैसा फल. मतलब की जिस आस्था के साथ भगवान की पूजा की जाती है भगवान भी वैसा ही फल देते है. अमरनाथ के बारे में भी यही कहा जाता है. अमरनाथ भगवान भोलेनाथ की पवित्र नगरी मानी जाती है और जब भी भक्त भगवान शिव की सच्चे मन से आराधना करता है भगवान शिव उसे दर्शन जरुर देते है. अमरनाथ धाम के बारे में कई कहानियां प्रचलित हैं. खासकर मुख्य कथा अमर कबूतर की है. इसके बाद मुस्लिम चरवाहे की कथा का उल्लेख मिलता है. हालांकि कई लोग इस कथा से सहमत नही है फिर भी यह पौराणिक कथा प्रसिद्ध है. ये कथा कुछ इस प्रकार है कि, बूटा मलिक नामक एक मुसलिम चरवाहे को एक ऋषि ने कोयले का एक बोरा दिया.

जब मालिक घर पंहुचा तो उसने पाया की बोरा सोने से भरा है .

नमक वाले पानी से नहाने के फायदे जानिए

नमक के पानी से नहाना हमारे शरीर के लिए अत्यधिक लाभदायक होता है। यह हमे बहुत अधिक लाभ पहुंचाता है। आज हम आपको नमक वाले पानी से नहाने के फायदे बताने जा रहे हैं -

नमक के पानी से नहाने से मसल्स पैन में अत्यधिक राहत मिलती है और मसल्स को रिलैक्स फिल होता है।

नमक के पानी में बहुत अधिक मात्रा में मैग्नीशियम, सोडियम और कैल्शियम मौजूद होता है। जब आप नमक के पानी से नहाते है तो यह पानी स्किन के पोर्स में जाकर सफाई करते है। इससे स्किन इंफैक्शन का खतरा बहुत कम हो जाता है।

नमक के पानी में मौजूद तत्व फंगल इंफैक्शन को रोकने का काम करते है। प्रतिदिन नमक के पानी से नहाने से डैंड्रफ से पूर्णतः छुटकारा मिलता है।

नमक के पानी से नहाने से स्किन मॉइश्चराइजर होती है। इससे स्किन सेल्स की बहुत अच्छी ग्रोथ होती है। इससे झुर्रियों की गंभीर समस्या भी दूर होती है।

नमक का पानी स्किन के डेड सैल्स को निकालने में भरपूर मदद करता है। प्रतिदिन नमक के पानी से नहाने से स्किन सॉफ्ट और शाइनी होती है।